श्री खाटू श्याम आरती (हिन्दी)

!! ॐ जय श्री श्याम हरे, प्रभु जय श्री श्याम हरे
निज भक्तन के तुमने, पूरण काम करे
ॐ जय श्री श्याम हरे प्रभु जय श्री श्याम हरे !!

!! गल पुष्पों की माला, सिर पर मुकट धरे
पीत बसन पीतांबर, कुण्डल कर्ण पड़े
ॐ जय श्री श्याम हरे प्रभु जय श्री श्याम हरे !!

!! रत्नसिंहासन राजत, सेवक भक्त खड़े
खेवत धूप अग्नि पर, दीपक ज्योति जरे
ॐ जय श्री श्याम हरे प्रभु जय श्री श्याम हरे !!

!! मोदक खीर चूरमा, सुवर्ण थाल भरे
सेवक भोग लगावत, सिर पर चंवर ढुरे
ॐ जय श्री श्याम हरे प्रभु जय श्री श्याम हरे !!

!! झांझ, नगारा और घड़ियाल, शंख मृदंग घुरे
भक्त आरती गावें, जय जयकार करे
ॐ जय श्री श्याम हरे प्रभु जय श्री श्याम हरे !!

!! जो ध्यावे फल पावे, सब दुख से उबरे
सेवक जब निज मुख से, श्री श्याम श्याम उचरे
ॐ जय श्री श्याम हरे प्रभु जय श्री श्याम हरे !!

!! श्री श्याम बिहारी जी की आरती, जो कोई नर गावे
गावल दासमनोहर, मनवांछित फल पावे
ॐ जय श्री श्याम हरे!! प्रभु जय श्री श्याम हरे .

Download more Aarti in Hindi and English at www.Pandit.com